अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 12 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण-दशमी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO.- 06 : TOP

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज में एपी ऑटोजोन का कैंपस प्लेसमेंट, नौ विद्यार्थियों का चयन

बरेली (वि)। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एपी ऑटोजोन ने एमबीए 2027 बैच के लिए समर ट्रेनिंग और 2026 बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया। इस आयोजन में कुल नौ विद्यार्थियों का अंतिम चयन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. अनुज कुमार, निदेशक-ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट ने कंपनी के प्रतिनिधि का स्वागत किया। चयन प्रक्रिया कंपनी प्रस्तुति के साथ शुरू हुई, जिसमें अभ्यर्थियों को कंपनी के बारे में जानकारी दी गई और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए गए। इसके बाद एमबीए 2026 और 2027 बैच के विद्यार्थियों के फेस टू फेस इंटरव्यू हुए। कुल ग्यारह विद्यार्थियों ने इस अभियान में भाग लिया। इनमें से 2027 बैच के चार और 2026 बैच के पांच विद्यार्थियों का फाइनल चयन हुआ। कंपनी के अधिकारियों ने संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान और अनुशासन की सराहना की। इस आयोजन को सफल बनाने में शाइस्ता कमर जैदी, रिया मेरी रेजी और राहुल सक्सेना का विशेष योगदान रहा। समापन पर डॉ. अनुज कुमार ने कंपनी प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।